INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Question Bank with Grammar	**Topic:** रहीम के दोहे	**Note:** अभ्यास पुस्तिका पर लिखना

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 जल मछलियों का साथ कब छोड़ देता?
उत्तर - जब मछलियाँ जाल में फँस जाती हैं तब जल उनका साथ छोड़ देता है।

प्रश्न-2 रहीम ने क्वार मास के बादलों को कैसा बताया है?
उत्तर- रहीम ने क्वार मास के बादलों को थोथा यानी बेकार गरजने वाला बताया है।

प्रश्न-3 ".तरुवर फल नहिं खात है,....संपति सँचहि सुजान"॥ दोहे को पंक्तियों को पूरा करो|
उत्तर: तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपति सँचहि सुजान॥

प्रश्न-4 जीवन में मित्रों की अधिकता कब होती है?
उत्तर- जब जीवन में काफ़ी धन-दौलत, मान-सम्मान बढ़ जाता है तो मित्रों और शुभचिंतकों की संख्या बढ़ जाती है।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 सच्चा मित्र कौन होता है?
उत्तर – सगे-संबंधी रूपी संपत्ति कई प्रकार के रीति-रिवाजों से बनते हैं। पर जो व्यक्ति आपके मुश्किल के समय में आपकी मदद करता है या आपको मुसीबत से बचाता है वही आपका सच्चा मित्र होता है।

प्रश्न-2 सज्जन और विद्वान के संपत्ति संचय का क्या उद्देश्य होता है?
उत्तर- सज्जन और विद्वान संपत्ति का अर्जन दूसरों की भलाई के लिए करते हैं। उनका धन हमेशा दूसरों की भलाई में खर्च होता है।

प्रश्न-3 'जल को मछलियों से कोई प्रेम नहीं होता' इसका क्या प्रमाण है**?**

उत्तर- जल को मछलियों से कोई प्रेम नहीं होता। इसका यह प्रमाण है कि मछलियों के जाल में फँसते ही जल उन्हें अकेला छोड़कर आगे बह जाता है।

प्रश्न-4 रहीम जी मनुष्य को धरती के माध्यम से क्या सीख देना चाहते हैं?

उत्तर-रहीम जी मनुष्य को धरती के माध्यम से सीख देना चाहते हैं कि जैसे धरती सरदी, गरमी व बरसात सभी ऋतुओं को समान रूप से सहती है, वैसे ही मनुष्य में भी अपने जीवन में सुख-दुख को सहने की क्षमता होनी चाहिए।

दीर्घ प्रश्न - मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न-1 हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए?

उत्तर- हमें वृक्ष और सरोवर से परोपकार करने की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। वृक्ष और सरोवर निस्वार्थ भाव से दूसरों की भलाई करते हैं। उसी प्रकार हमें दूसरों की भलाई निस्स्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

प्रश्न-2 वृक्ष और सरोवर किस प्रकार दूसरों की भलाई करते हैं?

उत्तर- वृक्ष और सरोवर अपने द्वारा संचित वस्तु का स्वयं उपयोग नहीं करते हैं| वृक्ष असंख्य फल उत्पन्न करते हैं लेकिन वे स्वयं उसका उपयोग नहीं करते। वे दूसरों के लिए फल देते हैं। ठीक इसी प्रकार सरोवर भी अपना जल स्वयं न पीकर उसे समाज की भलाई के लिए संचित करते हैं।

प्रश्न-3 रहीम जी ने क्वार के बादलों की तुलना किससे और क्यों की है?

उत्तर- रहीम जी ने क्वार के बादलों की तुलना उन लोगों से की है जो धनवान से निर्धन हो चुके हैं। वैसे लोग जब उन दिनों की बात करते हैं, जबकि वे धनी तथा सुखी थे, तो उनकी बातें पूर्णतः क्वार के बादलों की तरह खोखली गरज जैसी होती है। क्वार के बादल केवल गरजते हैं, बरसते नहीं| उसी प्रकार धनी लोग निर्धन होकर केवल अपनी अमीरी की बातें ही करते हैं।

व्याकरण भाग

प्रश्न-1- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

मीत X शत्रु

सीत X घाम

निर्धन X धनवान

संपति X बिपति

छोड़ना X पकड़ना

अपना X पराया

प्रश्न-2- भाववाचक संज्ञा बदलिए -

भला - भलाई

पराया - परायापन

राष्ट्र - राष्ट्रीयता

सींचना - सिंचाई

बेईमान - बेईमानी

शांत - शांति

कमाना - कमाई

अपना - अपनापन/अपनत्व

प्रश्न-3- लिंग बदलिए -

मालिक - मालकिन

बुद्धिमान - बुद्धिमती

पंडित - पंडिताइन

वृद्ध - वृद्धा

विद्वान- विदुषी

शिष्य - शिष्या

अभिनेता - अभिनेत्री

पड़ोसी - पड़ोसिन

---000---

घर में रहें , सुरक्षित रहें और स्वस्थ रहें